समाचार

# कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए गणेश पूजा पूरी सादगी के साथ करें

## (नगर की गणेश पूजा समितियों एवं मूर्तिकारों की बैठक ली जिला प्रशासन ने)



कोरबा 22 जुलाई 2020 –जिला प्रशासन द्वारा नगर की गणेश पूजा समितियों से आग्रह किया गया है कि नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रसार को देखते हुए गणेश पूजा का आयोजन अत्यंत सादगी पूर्ण रूप से करते हुए परम्परा का निर्वाह करें। साथ ही मूर्तिकारों को निर्देश दिए गए कि वे दो–तीन फुट से अधिक ऊंचाई वाली मूर्तियां न बनाएं, छोटी मूर्तियां निर्मित करें ताकि लोग मूर्ति स्थापना की औपचारिकता पूर्ण कर पूजा अर्चना की परम्परा का निर्वाह कर सकें।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में ए.डी.एम. श्री संजय अग्रवाल एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने नगर की गणेश पूजा समितियों के प्रतिनिधियों एवं मूर्तिकारों की बैठक ली, बैठक में एस.डी.एम. श्री सुनील नायक, अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा सहित समितियों के प्रतिनिधिगण व मूर्तिकार उपस्थित थे। बैठक के दौरान ए.डी.एम.श्री संजय अग्रवाल ने पूजा समितियों से आग्रह करते हुए कहा कि वर्तमान में कोविड–19 के संक्रमण के प्रसार को देखते हुए यह आवश्यक है कि किसी प्रकार के सार्वजनिक आयोजन न किए जाएं, उन्होने कहा कि चूंकि आगामी दिनों में गणेश पूजा का समय आ रहा है, अतः पूजा समितियां अत्यंत सादगी के साथ पूजा कार्य करें, कोई आयोजन न किया जाए, ताकि लोगों की भीड़ होने की स्थिति न बनें। समिति के सदस्य सादगीपूर्ण रूप से पूजा अर्चना की परम्परा का निर्वाह करें तथा लोगों से आग्रह करें कि वे अपने घरों में ही छोटी मूर्तियों को स्थापित कर पूजा अर्चना करें, ताकि वायरस के संक्रमण से सबकी

सुरक्षा हो सके। बैठक में उपस्थित मूर्तिकारों को भी निर्देश दिए गए कि वे दो–तीन फुट से छोटी मूर्तियां बनाएं ताकि आमजन अपने घरों में ही मूर्तियों की स्थापना कर पूजा परम्परा का निर्वहन कर सके।